पंजाब केसरी 06/02/2025

डा. रोहित दत्त को ओस्का ने किया शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 से सम्मानित

अम्बाला, 5 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को ओस्का (ऑर्गेनाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनैस) द्वारा शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान ओस्का के संस्थापक डा. धर्मपाल एवं डा. चंद्रपाल पूनिया और राष्ट्रीय शिक्षा समन्वयक डा. राकेश कुमार द्वारा प्रदान किया गया। डा. धर्मपाल वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के करनाल क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक हैं।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 से सम्मानित करते ओस्का के पदाधिकारी।

सम्मान समारोह के दौरान प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। कॉलेज में कई रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, ताकि छात्र कौशल आधारित ज्ञान प्राप्त कर सकें और उन्हें रोजगार के अवसर आसानी से मिल सकें।

उनका कॉलेज 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण के लिए संकल्पित है और उन्हें गर्व है कि उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिक्षा के क्षेत्र में रहते हुए वह हमेशा अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वोत्तम प्रयास करेंगे। कॉलेज के समस्त स्टाफ ने प्राचार्य को इस उच्च सम्मान के लिए बधाई दी।